संक्षिप्त

फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

भीलवाडा, (निसं)। जिले की शाहपुरा थाना पुलिस शाहपुरा थाना क्षेत्र में दो साल पहले डोडा-चूरा तस्करी करते समय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, एनसीबी टीम पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तस्कर सुनील डूडी को अजमेर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में जोधपुर एनसीबी की टीम ने शाहपुरा क्षेत्र में नाकाबंदी की थी। इस दौरान डोडा-चूरा ले जा रहे तस्कर जोधपुर के बिलाड़ा थानांतर्गत मतवालों की ढाणी निवासी सुनील डूडी ने टीम पर फायरिंग कर दी और गाड़ी भगा ले गया। एनसीबी ने डोडा-चूरा बरामद कर लिया था, लेकिन डूडी फरार था। इधर, 10 अप्रैल 2021 को कोटड़ी और रायला थाने के दो कांस्टेबलों की फायरिंग कर हत्या करने के मामले में भीलवाड़ा पुलिस ने सुनील डूडी को गिरफ्तार किया। इसके बाद से उसे अलग-अलग थाना पुलिस ने अपने वहां दर्ज मामलों में गिरफ्तार किया। कुछ समय से वह अजमेर जेल में बंद था।

चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

नागौर, (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मेहराम महिया ने गुरुवार को जिले के कई राजकीय चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महिया ने मेडता ब्लॉक की राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरसोलाव का निरीक्षण किया. इसके बाद उन्होंने राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नोखा चांदावता, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर धधवाडा का भी निरीक्षण करते हुए वहां चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया. इसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरासनी ठाम पंचायत मुख्यालय पर लगे हैं प्रशासन गांवों के संग शिविर में पहुंचे और यहां चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं का जायजा लिया. डॉक्टर महिया के साथ निरीक्षण में एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजीव सोनी, एफसीएलओ सादिक त्यागी, कनिष्ठ सहायक मोहित तंवर भी साथ थे।

जरुरतमंदों को वस्त्र बांटे

अजमेर, (कासं)। एक पहल सेवा सामाजिक संस्था द्वारा गुरुवार को जयपुर रोड पर सेवा कार्य के तहत संस्था के पदाधिकारियों ने खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे गरीब और जरूरतमंदों को वस्त्र प्रदान किए, जिसमें पेंट शर्ट, बच्चों को टीशर्ट-फ्रॉक, मौजे खिलौने चॉकलेट दिए, जिन्हें पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। संस्था के प्रमुख शैलेश गर्ग ने बताया कि एक पहल सेवा संस्था द्वारा वर्ष 2016 से ही वस्त्र बैंक, बुक बैंक और सुखी राशन सामग्री अपने निजी और सहयोग से निरंतर सेवा कार्यों में लगी हुई है। संस्था द्वारा जरुरतमंदों को वस्त्र और खिलौन प्रदान करने के दौरान वर्मा और नीलम का सहयोग रहा, सेवा देने वालों में संस्था के शैलेश गर्ग, ज्ञानेंद्र सिंह नयाल, अंश गर्ग, आलोक उपस्थित थे।

पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन होगा

अजमेर, (कासं)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त व्यक्तियों को वार्षिक भौतिक सत्यापन कराना होगा। नगर निगम के उपायुक्त ने बताया कि अजमेर शहर के एक से 80 वार्डों में निवास करने वाले सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को नगर निगम के कमरा नम्बर 126 में निर्धारित प्रपत्र में अपना वार्षिक जीवित भौतिक सत्यापन करवाना होगा। इसके लिए प्रार्थी को स्वयं उपस्थित होकर जनआधार कार्ड, आधार कार्ड, पीपीओ नम्बर तथा बैंक पासबुक की फोटोप्रतियां जमा करानी होगी। वे अपने क्षेत्र में किसी भी ई-मित्र से भी ऑनलाइन जीवित वार्षिक सत्यापन करवा सकते हैं। सत्यापन की प्रति स्वयं उपस्थित होकर नगर निगम के कमरा नम्बर 126 में जमा करवाई जा सकती है।

इंटक द्वारा आश्रित को सहायता राशि दी

भीलवाडा, (निसं)। चित्तौड रोड स्थित राजस्थान स्पिनिंग एण्ड विविंग मिल्स में कार्यरत श्रमिक राजेन्द्र सिंह की सडक हादसे में मृत्यु हो जाने पर श्रमिक यूनियन "आर एस डब्ल्यू एम श्रमिक संघ (इन्टक) द्वारा मृतक श्रमिक राजेन्द्र सिंह की धर्मपत्नि उमा कंवर को 7,22,300/- सात लाख बाईस हजार तीन सौ रूपयो का चेक अध्यक्ष दीपक व्यास, महामंत्री कान सिंह चुण्डावत, नन्दलाल गाडरी, डूंगरिंसह, प्रबन्धन पक्ष की ओर से पंकज खण्डेलवाल, एच.आर. हेड सुलभ सिंघल एवं अन्य साथियो के समक्ष चैक सौंपकर संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिलाया।

शिविर में अधिकारी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचे, ग्रामीणों ने नारेबाजी की

मांडलगढ़, (निसं)। माण्डलगढ की खाचरोल पंचायत में गुरुवार को आयोजित प्रशासन गाँवों के संग अभियान शिविर में नोकरशाही की लापरवाही का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी अभियान को पलीता लगाया जा रहा है।

शिविर में जिम्मेदार अधिकारियों की लेटलतीफी से ग्रामीण आक्रोशित हो उठे ओर अफसरों के शिविर में निर्धारित समय पर नहीं पहुंचने को लेकर आक्रोशित ग्रमीणों ने हंगामा कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पँचायत समिति सदस्य जगदीश बैरवा,राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीणों ओर महिलाओं ने उक्त मामले में नाराजगी जताई तथा उच्चाधिकारियों को शिकायत की। उन्होंने बताता की ग्रामीणों कि समस्याओं को लेकर प्रात: 10 बजे ही शिविर स्थल पर आकर बैठे है,दोपहर तक शिविर के प्रभारी एसडीएम उत्साह चौधरी व तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह चोधरी शिविर में नदारद थे। शिविर में नारेबाजी होने पर दोपहर बाद एसडीएम ओर तहसीलदार पहुंचे। गौरतलब हैं कि प्रशासन गाँवों के संग अभियान शिविरों में कई विभागों के अधिकारियों के बजाय छोटे कर्मचारी बिना तैयारी के अपनी हाजिरी लगाने आते है।वहीं शिविर में नेताओं के भाषण एंव अभिनंदन में दो दो घण्टे तक काम को रोक दिया जाता हैं। ग्रामीणों के हंगामे के बाद अधिकारी ओर शिविर प्रभारी आए और समस्याओं का निपटारा किया। शिविर में नामांतरण के 132, शुद्धिकरण के 145, विभिन्न प्रमाण पत्र 85, सार्वजनिक प्रयोजन हेतु भूमि आरक्षित एक, राजस्व रिकॉर्ड की प्रतिलिपि 156, सहमति से भूमि बंटवारा 18, सीमा ज्ञान के चार, रास्तो के प्रकरण छः, कृषि भूमि के सहमति से वाद निस्तारण तीन का किया गया। आबादी मे पट्टा वितरण 103 , पौध संरक्षण कृषि संयंत्र अनुदान दो, फ़वारा सेट अनुदान तीन, नवीन रोडवेज पास 79 जारी किये गये। शिविर में खाचरोल निवासी उदयलाल, बालुलाल एवं शंकर लाल त्रिपाठी की जमाबंदी रिकॉर्ड में जाति नाई दर्ज थी। जिसको शिविर प्रभारी एवं उपखण्ड अधिकारी उत्साह चौधरी व तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने दस्तावेज प्रक्रिया से बदल कर जाति को त्रिपाठी किया।

शिविर में प्रधान सतीशचन्द्र जोशी, सरपंच श्रीमति रूपकँवर, पूर्व विधायक विवेक धाकड, शिविर प्रभारी उत्साह चौधरी, तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह चौधरी, विकास अधिकारी मुकेश जैमन , महिला व बाल विकास अधिकारी कौशल्या वैष्णव, डेयरी सुपरवाइजर प्रकाश शर्मा, नायब तहसीलदार अशोक शर्मा, गिरदावर दिनेश टेलर, मदन लाल मीणा, घनश्याम बारेठ, पटवारी बृजराज मीणा, सरिता मीणा, रचना वैष्णव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

मांडलगढ़ के खाचरोल पंचायत में आयोजित शिविर में अधिकारियों की लेटलतीफी से ग्रामीण आक्रोशित हो उठे ओर हंगामा किया।

- दोपहर बाद आए शिविर प्रभारी व तहसीलदार

पीडिएट्रिक ब्लॉक का प्रथम तल तैयार

अजमेर, (कासं)। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में पीडिएट्रिक ब्लॉक का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। ब्लॉक में प्रथम तल बनकर तैयार हो गया है।अंडरग्राउंड पार्किंग के लिए रैंप की खुदाई का कार्य भी आरंभ कर दिया गया है।

अजमेर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 28.08 करोड की लागत से स्टिल्ट, ग्राउंड फ्लोर प्लस 4 इमारत का 7026 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्माण कार्य प्रस्तावित है। नए पीडिएट्रिक ब्लॉक में जी प्लस श्री पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पार्किंग बनकर तैयार हो गई है। नवनिर्मित पीडिएट्रिक ब्लॉक में 244 पलंगों की क्षमता का भवन बनाया जा रहा है। प्रथम तल पर पीआईसीयू 35 पलंगों की क्षमता, द्वितीय तल एसएनसीयू 70 पलंगों की क्षमता का एवं तृतीय तल एनआईसीयू 56 पलंगों की क्षमता का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। नया पिडिएट्रिक ब्लॉक पूरी तरह से वातानुकूलित होगा। इसके बनने के बाद संभाग के नवजात शिशुओं एवं बीमार बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इमारत में पीआईसीयू, एसएनसीयू, एनआईसीयू की सुविधाएं होंगी। ब्लॉक में एक स्ट्रेचर लिफ्ट इनडोर रोगियों के लिए बनाई जाएगी।

- अंडरग्राउंड पार्किंग के लिए रैंप का खुदाई कार्य आरंभ

जिला कलैक्टर एवं अजमेर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित व नगर निगम आयुक्त एवं अजमेर स्मार्ट सिटी के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र कुमार द्वारा प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है। पीडिएट्रिक ब्लॉक में बनने वाली मल्टिलेवल पार्किंग का निर्माण के लिए 91 वाहन फोर व्हीलर एवं 592 वाहन टू व्हीलर पार्क किए जा सकेंगे। भूमिगत एवं ग्राउंड फ्लोर के लिए प्रवेश एवं निकासी का द्वार अलग होगा। इसी प्रकार फर्स्ट एवं सैकंड फ्लोर पर वाहनों के आने-जाने के लिए रैम्प का निर्माण किया जाएगा। अंडरग्राउंड पार्किंग में प्रवेश के लिए रैंप की खुदाई कार्य आरंभ हो गया है।

लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

मदनगंज-किशनगढ,(निसं)। माहेश्वरी समाज ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपकर तीन दिन पूर्व कुमकुम होटल के सामने राधा कृष्ण बिहार कॉलोनी में हथियारों की नोंक पर नगदी सहित करीब 50 लाख कीमत का माल लूटकर फरारी काट रहे बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

इनका कहना है कि तीन दिन पहले रात्री दो बजे समाज के संजय लखोटिया के घर में घुसकर पिस्टल की नोंक पर घर वालो को बंधक बनाकर 23 लाख की नगदी के साथ 50 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गये। मदनगंज थाना पुलिस अभी तक बदमाशों के गिरेबां पर हाथ नही डाल सकी। शिष्टमंडल ने लुटेरों को गिरफ्तार कर माल बरामद करने की मांग की।

इस दौरान संस्था अध्यक्ष मुकुट बिहारी मालपानी, मंत्री जुगल किशोर बंग, उपाध्यक्ष प्रहलाद काबरा, सह मंत्री अजय काबरा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राधामोहन सारडा, समाजसेवी सुरेश सारदा, मधुसूदन बियानी, जगदीश लोहिया, गोविंद झंवर, व्यंकटेश तेला, राजेश लोहिया, रमेश राठी , मदनगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन बंग, भगवान बाहेती, अशोक जाखेटिया, राजकुमार कासट, रामकिशोर बाहेती, दिनेश सारडा, आदित्य डागा, दिनेश दरगड़ ,सतीश लखोटिया, मुकेश मूंदडा, धनराज न्याती, श्यामसुंदर कांकाणी, कमल भांगडीया, विनोद दरगड़, विपिन काबरा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष ऋषि छापरवाल, नरेश शारदा, तरुण मंडल मंत्री वैभव सोमानी, जस राठी, कन्हैया तोषनीवाल, जितेश मानधना, राजेश लखोटिया, दिनेश लखोटिया, पीडित संजय लखोटिया, अनिल बियानी, निकेतन आगीवाल, अनिल लड्ढा सहित कई समाज बंधु मौजूद थे।

माहेश्वरी समाज ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर लूट के बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग की।

राष्ट्र के लिए समर्पण भावना से काम करें : शिक्षाविद् कुमावत

भीलवाडा, (निसं)। भारत के समृद्धि संपन्नता के बारे में सुनकर भारत पर अनेक विदेशियों ने आक्रमण किया और शनै शनै भारत पर अधिकार कर लिया उसमें अंग्रेज प्रमुख थे। यह बात सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो उदयपुर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर बोर्डिंग हाउस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा के परिसर में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन गुरुवार 25 नवंबर को प्रथम तकनीकी सत्र में बोलते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद सतनारायण कुमावत ने कहीं।

उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्र संग्राम से लेकर 1947 तक के विभिन्न क्रांतिकारियों, समाज सुधारको, स्वतंत्रता सेनानियों जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्र करवाया था विस्तार से जनकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भी हमें राष्ट्र के लिए तन मन धन देकर स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पण भाव से काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीना ने बताया की इस प्रदर्शनी मे 50 पैनल के माध्यम से 1857 से 1947 तक के स्वाधीनता संग्राम की प्रमुख घटनाओं को ऐतिहासिक चित्रो और विशेष जानकारी के साथ दर्शाया गया हैं।

- प्रतियोगिताओं के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव का संदेश दिया

इस अवसर पर अमर शहीद कुंवर प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान के सचिव कैलाश सिंह जाडावत संस्थान के सदस्य राम प्रसाद सेन ने भी संस्थान के बारे में पोस्टर एवं होल्डिंग लगाकर सहयोग प्रदान किया। प्रदर्शनी के दौरान आज छात्र-छात्राओ एवं महिलाओ के बीच एक भारत श्रेष्ठ भारत देश भक्ति गीत गायन प्रतियोगिता फिट इंडिया के तहत पुश अप तथा मौखिक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता के विजेताओ को सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीना ने पुरस्कार देकर समानित किया।

आज प्रदर्शनी मैं आदर्श विद्या मंदिर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा, अंजुमन साफिया माध्यमिक विद्यालय, राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय, इंडियन किड्स स्कूल, द्रोणा पब्लिक स्कूल, न्यू मॉडल अकैडमी स्कूल, राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल , इंडियन पब्लिक स्कूल के लगभग 12 सौ से अधिक छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों तथा 62 आंगनवाडी केंद्रों की 100 से अधिक कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी ने भाग लेकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी का समापन समारोह कल 12 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शनी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक कैलाश मेघवाल होंगे।

राजस्थानी भाषा: दशा और दिशा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी कल

नागौर, (निसं)। नागौर की धरा पर राजस्थानी भाषा: दशा और दिशा पर 27 नवम्बर, शनिवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राजस्थानी भाषा के कवि व आलोचक डॉ. अर्जुनदेव चारण होंगे।

नगर परिषद नागौर व स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक रामरतन लटियाल ने बताया कि राजस्थानी भाषा:दशा और दिशा विषयक इस राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत शनिवार को सुबह दस बजे किया जाएगा।

इसमें बीज भाषण डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित, बाबा रामदेव शोध पीठ, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय देंगे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि साहित्य अकादमी, नई दिल्ली में राजस्थानी परामर्श मंडल के संयोजक मधु आचार्य तथा पर्यावरण प्रेमी पद्मश्री हिम्मताराम भांभू होंगे। लटियाल ने बताया कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी दो सत्रों में आयोजित होगी, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए मायड़ भाषा के साहित्यकार कवि आलोचक व कथाकार विचार मंथन करते हुए अपनी बात रखेंगे।

- राजस्थानी कवि व आलोचक डॉ. अर्जुनदेव चारण होंगे मुख्य अतिथि
- जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी करेंगे अध्यक्षता

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजस्थानी भाषा के साहित्य लेखन और उसमें नई पीढ़ी के जुड़ाव को लेकर भी सार्थक चर्चा होगी. राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजस्थानी भाषा के प्राध्यापक व शोधार्थी भी भाग लेंगे।

'किसानों के लिए, किसानों का बजट'

अजमेर, (कासं)। राज्य सरकार आगामी वित्तीय वर्ष में किसानों के लिए एक अभिनव पहल करने जा रही है। राज्य के इतिहास में पहली बार राजस्थान का कृषि बजट अलग से पेश होगा। इस बजट में खेती, किसानी, पशुपालन, डेयरी और कृषि से जुड़े प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। मुद्दे भी वही जो किसान चाहते हैं, किसानों ने ही बताए हैं।

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले कृषि बजट की पूर्व तैयारियों को लेकर गुरूवार को कृषि मंत्री लाल चंद कटारिया, कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार और आयुक्त डॉ. ओम प्रकाश सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने अजमेर संभाग के प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, मछली पालकों, सहकारिता व डेयरी विशेषज्ञों तथा विभिन्न विषय विशेषज्ञों से सीधा संवाद किया। कृषि मंत्री कटारिया कार्यकम में ऑनलाइन जुडे जबकि शेष सभी अधिकारी व किसान अजमेर में राजस्थान शिक्षा बोर्ड के रीट सभागार में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए, किसानों का बजट पेश करने जा रही है। राजस्थान में कृषि क्षेत्रा में नए युग की शुरूआत करने वाले इस कृषि बजट में उन्ही प्रस्तावों को शामिल किया जाएगा जो किसान चाहते हैं। इसी संदर्भ में सभी संभागों में किसानों, पशुपालकों, डेयरी संचालकों व मछली पालकों आदि से संवाद किया जा रहा है। किसानों से पूछा जा रहा है कि वे क्या चाहते हैं, कृषि बजट का स्वरूप कैसा होना चाहिए, राज्य सरकार और किसानों में बेहतर समन्वय कैसे स्थापित हो, किसानों की क्या आवश्यकताएं है।

कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री दिनेश कुमार ने कहा कि संभाग स्तरीय कृषक संवाद का ये पहला कार्यक्रम अजमेर से शुरू किया गया है। संवाद में किसानों द्वारा बताए गए मुद्दों को एकजाई करके राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों को उनकी प्राथमिकता व आवश्यकता के अनुसार राज्य बजट में शामिल किया जाएगा। आयुक्त डॉ. ओमप्रकाश ने कहा कि बैठक में प्राप्त सुझावों की लिस्टिंग करके विषय विशेषज्ञों से भी चर्चा की जाएगी। इसके लिए कृषि विश्वविद्यालयों की भी एक बैठक आगामी दिनों में प्रस्तावित हैं । उन्होंने किसानों से आठाह किया कि वे अपने सुझाव लिखित में भी जयपुर या अपने जिलें में अधिकारियो के जरिए सरकार तक पहुंचा सकते हैं।

बैठक में संभागीय आयुक्त डॉ. वीना प्रधान, जिला कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त गजेन्द्र सिंह राठौड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री लाल चंद कटारिया व अधिकारियों ने संभाग के प्रगतिशील किसानों से संवाद किया।

- राज्य में पहली बार अलग पेश होगा कृषि बजट
- किसानों ने सरकार को बताया, कैसा होना चाहिए बजट

सार-समाचार

युवाओं और महिलाओं ने रक्तदान किया

ब्यावर, (निसं)। सन्त निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । सन्त निरंकारी सत्संग मंडल के सन्त बच्चुमल सन्तवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का आयोजन राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय से आने वाले वरिष्ठ विशेषज्ञों की देखरेख में हुआ। रक्त की कमी से जुंझ रहे रोगियों की जान बचाने के लक्ष्य को लेकर शिविर का आयोजन रखा गया ।मीडिया सहायक रवि मोटवानी के अनुसार शिविर में रक्त दाताओं द्वारा 50 यूनिट रक्तदान किया गया शिविर में राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय के डॉक्टर प्रभाकर ने मय स्टाफ के शिविर मे अपनी सेवाएं दी। शिविर में ब्यावर ब्रांच के मुखी महात्मा संतवानी जी, संत निरंकारी सेवादल एवं एसएनसीएफ के सभी सदस्यों ने अपनी सेवाओं के साथ अपनी भूमिका निभाई।

पट्टे वितरित किये

मदनगंज-किशनगढ, (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सपने को

साकार करते हुए नगर परिषद ने प्रशासन शहरों के संग अभियान में निरंतर पट्टो का वितरण कर सफलता का परचम लहराया। अभियान को सफल बनाने के लिये परिषद के हॉल में मौजूद विशेष टीम शहरी क्षेत्र के चयनित वार्डो में रहने वाले लोगो को पट्टे देने के लिये प्राथमिकता के साथ जुटी हुई है। गुरुवार को केवल दस दिन में फाइल का निस्तारण कर कृष्णापुरी निवासी पत्रकार प्रकाश जांगिड को 69 ए के अंतर्गत घर का पट्टा सौपकर सार्थक कार्य शैली का परिचय दिया। आयुक्त तेजराम मीणा ने कहा कि नगर परिषद कर्मचारी शुरू से ही जरूरतमंद को पट्टे देने के साथ जनहित से जुड़ी समस्याओं का समाधान कर रहे। इस दौरान टीम में शामिल एटीपी सुनील खन्ना, पटवारी महिपाल सिंह, कनिष्ठ लिपिक मुकेश लखन, अजय कुमार, रजनीश शर्मा, भारत घोल, नरेन्द्र मौजूद रहे।

डोडा पोस्त तस्कर को सजा सुनाई

भीलवाडा, (निसं)। जिले की एनडीपीएस कोर्ट ने एक 73 साल के बुजुर्ग लाकडा सिंह को डोडा पोस्त तस्करी मामले में डेढ साल का कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। बुजुर्ग को सजा सुनाने के बाद इस मामले को लेकर खासी चर्चा भी चलती रही। लेकिन कोर्ट ने न्याय सभी के लिए बराबर होने का संदेश देते हुए यह सजा सुनाई। करीब चार साल तक चले इस मामले में पीपी कैलाश चौधरी ने 6 गवाह व 50 दस्तावेज बुजुर्ग के खिलाफ पेश किए गए। जिसके बाद कोर्ट इस सजा का निर्धारण कर पाई। पीपी कैलाश चौधरी ने बताया कि 20 जनवरी 2018 को मांडलगढ थाने के एसआई रतनसिंह रात्री गश्त पर थे। सुबह ढाई बजे डाक बंगला चौराहे के बाद अपने हाथों में दो बैग लेकर बुजुर्ग पुलिस को देखकर छिपने की कोशिश करने लगा। उससे पूछताछ करने उसने अपनी पहचार मथुरा गेट महदेव की गली भरतपुर निवासी लाडकासिंह पुत्र भोजासिंह सिंख के रूप में बताई। पुलिस ने जब उसके हाथ में रखे बैग के बारे में पूछा तो उसने डोडा पोस्त होने की बात बताई। जिसके बाद उसे थाने लाकर बैग की जांच करने पर उसमें 14 किलो 300 ठाम डोडा पोस्त पाया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार मामला दर्ज किया गया। लाडका सिंह के खिलाफ चार साल तक एनडीपीएस कोर्ट में मामला चला। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। तब वह 70 साल का था। जब उसे सजा सुनाई तो उसकी उम्र 73 हो चुकी थी। उम्र के अंतिम पडाव में लाडका सिंह के चेहरे पर इस सजा को सुनने के बाद भी कोई बदलाव नहीं आ रहा था।

छह दिवसीय धार्मिक यात्रा पर दल निकला

ब्यावर, (नि सं)। शहर के भक्तों का एक दल गुरुवार को छह दिवसीय धार्मिक यात्रा पर निकला। प्रसन्न गणपति मंदिर में भगवान का दर्शन कर यात्रा की शुरूआत की गई। यात्रा संयोजक रमेश खंडेलवाल ने बताया कि यात्रा के तहत राजस्थान व गुजरात राज्य के कई धार्मिक तीर्थस्थानों पर जाएंगे।यात्रा का पहला पड़ाव नाथद्वारा होगा जहां श्रीनाथजी प्रभु का मंगला दर्शन कर यात्रा आगे बढ़ेगी। इसके बाद उदयपुर, अहमदाबाद, पोरबंदर, द्वारकाधीश, भेंटद्वारका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, मूल द्वारका, जैलाराम बाबा, अंबा माता का दर्शन कर पुन: ब्यावर लौटेंगे।गौरतलब है की अब लगभग सभी क्षेत्रो में विभिन्न सामाजिक,धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन कोरोना काल खंड से पूर्व की भांति होने लगे है और आम ज़िंदगी पुन: पटरी पर लौट आई है। यात्रा में महेशचंद्र, सत्यनारायण शर्मा, बुधराम भाटी, जगदीश प्रसाद, रंगलाल शर्मा, घनश्याम शर्मा, सीतादेवी, छोटीदेवी, शर्मिला, संतोष सहित 23 सदस्य शामिल हैं। सभी भक्तों को तिलक लगाकर यात्रा की मंगल कामना की गई।

पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा का जन्मदिन मनाया

बिजयनगर, (निसं)। नगर पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा का गुरुवार को जन्मदिन मनाया गया। स्थानीय शीतला बाजार वार्ड नंबर 13 की महिलाओं ने पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा का जन्मदिन मनाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजित कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष प्रीतम बड़ौला, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय बडोला, संपत टेलर, नरेंद्र पीपाड़ा नरेंद्र बडौला, निशा बडोला महिमा बडोला रेनू बडौला,नीतू बड़ौला, स्वीटी पाटोदी ,शैफाली पाटोदी ,मधु पामेचा, पुष्पा बडोला, सहित मातृशक्ति ने पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा के साथ केक काटते हुए एक दूसरे को खिलाकर, शॉल ओढाते हुए 31 किलो की माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा को जन्मदिन के अवसर पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष हितेश मेवाड़ा पूर्व अध्यक्ष सतीश ओझा पूर्व ,मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड ,पार्षद मनोहर कोगटा, मोहित ,राजकुमार आसवानी, भरत शर्मा, विक्रम सिंह, मनीष वैष्णव, खेमराज गुर्जर, मोनू वर्मा, निलेश मेहता ,दीपिका वर्मा ,हेमलता मेहता , निधि शर्मा दुर्गा गुर्जर सहित पार्षदों ने पालिका अध्यक्ष अनिता मेवाड़ा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की । पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा ने उनके जन्मदिन पर बधाई देने वाले सभी पार्षदों शुभचिंतको का आभार जताया।

राजस्व वसूली अभियान आज से

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा बकाया बिल भुगतान के लिए शुक्रवार से सख्ती शुरू कर दी जाएगी। बिल जमा नहीं कराने वालों के कनेक्शन काटे जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक स्तर के अधिकारी को प्रतिदिन कनेक्शन काटने या राजस्व वसूली लाने का लक्ष्य सौंपा गया है। निगम के क्षेत्राधीन 12 वृत्तों में उपभोक्ताओं पर 1399 करोड रूपए का भुगतान बकाया है। निगम द्वारा 26 से 30 नवम्बर तक राजस्व वसूली का विशेष अभियान चलाया जाएगा। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक वीएस भाटी द्वारा डिस्कॉम की सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर चल रहे बकाया राशि 1399 करोड रुपयों की वसूली के लिए अधिकारियों के लक्ष्य तय किए गए हैं। निगम का विशेष अभियान 26 से 30 नवम्बर तक चलाया जाएगा। भाटी ने बताया कि इस अभियान के तहत डिस्कॉम के सभी मुख्य अभियंताओं से लेकर कनिष्ठ अभियंता तक एवं मुख्य लेखाधिकारी, वरिष्ठ लेखाधिकारियों एवं वृत्त लेखाधिकारियों को राजस्व वसूली करने के लिए प्रतिदिन के लक्ष्य निर्धारित किए गए है।